भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

22 फरवरी 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति</u>

विश्व प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय सियोल पीस प्राइज कल्चरल फाउंडेशन द्वारा भारत एवं वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की प्रगति में योगदान के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को 14वें सियोल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना समस्त देशवासियों के लिए गर्व एवं खुशी का क्षण है

****

अखिल विश्व को अपने सामाजिक और आर्थिक प्रयासों से प्रभावी संदेश देने वाले लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा देश को प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार के माध्यम से गौरवान्वित करने का एक और अवसर देने के लिए मैं उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूँ

****

श्री मोदी जी को वैश्विक शांति, मानव विकास में सुधार, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, भ्रष्टाचार को समाप्त करने और सामाजिक सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के लिए सियोल पीस प्राइज से उन्हें सम्मानित किया है

****

हम सभी देशवासियों को इस बात का गर्व है कि अंतर्राष्ट्रीय सियोल पीस प्राइज कल्चरल फाउंडेशन ने अमीरों और गरीबों के बीच सामाजिक और आर्थिक खाई को कम करने के लिए 'मोदीनॉमिक्स' की प्रशंसा की है जिसकी अवधारणा ही 'सबका साथ, सबका विकास' है

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को पिछले वर्ष तीन अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च पर्यावरण पुरस्कार ’चैंपियंस ऑफ द अर्थ’ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था

****

इससे पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को अफगानिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान अमीर अमानुल्ला खान अवॉर्ड, सऊदी अरब के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ‘द किंग अब्दुल्लाजीज साश’ अवार्ड और फिलिस्तीन के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ’ग्रैंड कॉलर’ सम्मान से भी पुरस्कृत किया जा चुका है

****

दक्षिण कोरिया के **प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय सियोल पीस प्राइज कल्चरल फाउंडेशन द्वारा भारत और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की प्रगति में योगदान के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रतिष्ठित सियोल शांति पुरस्कार से सम्मानित करना सवा सौ करोड़ देशवासियों के लिए गर्व एवं खुशी का क्षण है। अपने सामाजिक और आर्थिक प्रयासों से अखिल विश्व को प्रभावी संदेश देने वाले लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा देश को प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार के माध्यम से गौरवान्वित करने का एक और अवसर देने के लिए मैं उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूँ।**

आज दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को 14वें सियोल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार से सम्मानित किये जाने के पूर्व कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उपलब्धियों के बारे में भी बताया गया। **कार्यक्रम में इससे जुड़ी एक फिल्म भी दिखाई गई जिसमें बताया गया कि किस तरह श्री नरेन्द्र मोदी एक अत्यंत साधारण परिवार से निकल कर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री बने।** इसके बाद दिखाया गया कि वे कैसे विश्व के सभी देशों को एकसाथ लेकर चलने में यकीन रखते हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के क्लीन इंडिया की भी काफी तारीफ की गई। इसके अतिरिक्त पर्यावरण के मुद्दे पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की चिंता एवं सोलर पावर को बढ़ावा देने की उनकी कोशिशों की भी तारीफ हुई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के पहल पर ही इंटरनेशनल सोलर अलायंस का गठन किया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पुरस्कार में मिले लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये की राशि को माँ गंगा को साफ करने के लिए चलाई जा रही योजना ’नमामि गंगे’ को देने का ऐलान किया। प्रधानमंत्री जी ने अपने

संबोधन में फिर से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में संपूर्ण विश्व से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि भारत पिछले 40 वर्षों से सीमा पार आतंकवाद का सामना कर रहा है। अब वक्त आ गया है कि सब मिलकर ऐसी नापाक हरकतों का मुंहतोड़ जवाब दें जो मानवता में विश्वास करते हैं और ऐसा करके ही पूरी दुनिया में शांति स्थापित की जा सकती है।

वैश्विक शांति, मानव विकास में सुधार, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, भ्रष्टाचार को समाप्त करने और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से भारत में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने की दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के अमूल्य योगदान के लिए सियोल पीस प्राइज कल्चरल फाउंडेशन ने उन्हें सम्मानित किया है। यह पुरस्कार प्रधानमंत्री जी के वैश्विक सहयोग एवं वैश्विक आर्थिक विकास को बढ़ाने के प्रयासों का सम्मान है।

मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि अंतर्राष्ट्रीय सियोल पीस प्राइज कल्चरल फाउंडेशन ने अमीरों और गरीबों के बीच सामाजिक और आर्थिक खाई को कम करने के लिए 'मोदीनॉमिक्स' की प्रशंसा की है जिसकी अवधारणा ही 'सबका साथ, सबका विकास' है। पुरस्कार कमिटी द्वारा 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' सहित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की साहसिक, निर्णायक और अभिनव विदेश नीति की भी सराहना की गई है। सियोल शांति पुरस्कार की घोषणा करते वक्त पुरस्कार कमिटी ने प्रधानमंत्री जी द्वारा भ्रष्टाचार रोकने और नोटबंदी जैसे फैसलों की तारीफ की थी। साथ ही, सक्रिय विदेश नीति के जरिए क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए किए गए प्रयासों हेतु 'मोदी डॉक्ट्रिन' को भी सराहा गया था।

ज्ञात हो कि पिछले वर्ष 24 अक्टूबर को सियोल पीस प्राइज कल्चरल फाउंडेशन की 12 सदस्यीय कमिटी ने दुनियाभर के 100 से ज्यादा प्रबल दावेदारों में से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को इस पुरस्कार के लिए चुना था। **पुरस्कार कमिटी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को 'पर्फेक्ट कैंडिडेट' माना जो अपने-आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।** श्री मोदी सियोल शांति पुरस्कार पाने वाले 14वें विजेता हैं। सियोल शांति पुरस्कार सबसे स्थापित और महत्वपूर्ण वैश्विक पुरस्कारों में से एक माना जाता है, जिनके पिछले पुरस्कार विजेताओं में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव रहे कोफी अन्नान, बान की मून, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता डेनिस मुक्वेग और ओलंपिक समिति के अध्यक्ष जुआन अंटोनियो जैसे लोग शामिल रहे हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को इससे पहले तीन अक्टूबर, 2018 को इंटरनेशनल सोलर अलायंस और पर्यावरण के मोर्चे पर कई महत्वपूर्ण कार्यों के लिए **संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च पर्यावरण पुरस्कार 'चैंपियंस ऑफ द अर्थ' अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था।** दिल्ली में एक विशेष समारोह में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने श्री मोदी को यह अवॉर्ड दिया था। **इससे पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को अफगानिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान अमीर अमानुल्ला खान अवॉर्ड, सऊदी अरब के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द किंग अब्दुल्लाजीज साश' अवार्ड और फिलिस्तीन के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कॉलर' सम्मान से भी पुरस्कृत किया जा चुका है।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव